# सरकारी भूमि पर नमाज अदा नहीं

**नई दिल्ली, 2 मई.** देश की न्यायपालिका में सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक गतिविधियों को लेकर एक बार फिर गंभीर बहस शुरू हो गई है. मामला तब चर्चा में आया जब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में सार्वजनिक जगह या सरकारी भूमि पर नमाज़ अदा करने के अधिकार को लेकर टिप्पणी की.

**▸ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया आदेश**

इस आदेश के बाद मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा, जहां सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक अलग केस की पृष्ठभूमि में इस मुद्दे पर भी अप्रत्यक्ष रूप से टिप्पणी सामने आई. सुप्रीम कोर्ट ने जमानत से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के रुख पर सवाल उठाते हुए कड़ी टिप्पणी की, जिससे यह मामला और अधिक चर्चा में आ गया. हालांकि, दोनों अदालतों के मामले अलग-अलग कानूनी संदर्भों से जुड़े हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक गतिविधियों को लेकर देश में लंबे समय से चल रही बहस को इसने फिर से हवा दे दी है. इस मुद्दे का मूल आधार संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन है. एक ओर धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार है, तो दूसरी ओर सार्वजनिक स्थानों के उपयोग और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी राज्य की है. स्थानीय स्तर पर भी इस फैसले के बाद मिश्रित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं. कुछ लोग इसे आवश्यक कानूनी स्पष्टता मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रभाव डालने वाला कदम बता रहे हैं.



> सुप्रीम कोर्ट में हुई टिप्पणी के बाद यह मामला और अधिक संवेदनशील बन गया है. अब कानूनी जगत में इस बात पर चर्चा तेज है कि क्या इस विषय पर देशभर के लिए एक समान दिशा-निर्देश की जरूरत है या फिर हर मामले का निर्णय परिस्थितियों के आधार पर ही होना चाहिए.

## विदेश मंत्री जयशंकर गए नौ दिन की यात्रा पर

**नई दिल्ली 02 मई.** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शनिवार से 10 मई तक जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो की नौ दिन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे. इन देशों का भारत के साथ विशेष संबंध है, जिसका कारण वहाँ मौजूद गिरमिटिया समुदाय हैं। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री तीनों देशों के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं के साथ-साथ परस्पर हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे. विदेश मंत्री की यह यात्रा जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के साथ भारत की राजनीतिक सहभागिता को आगे बढ़ाने और हमारे दीर्घकालिक एवं मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है.

# ट्रंप का नाटो सहयोगियों को झटका

**▸ जर्मनी से सैनिकों की कटौती, रूस को लाभ**

**वाशिंगटन,2 मई.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जर्मनी में तैनात 5,000 अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला लिया है. पेंटागन ने इसे यूरोप में सैन्य स्थिति की व्यापक समीक्षा और रणनीतिक आवश्यकताओं के आधार पर संतुलित निर्णय बताया.

यह कदम विशेष रूप से जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ अमेरिका-इज़राइल युद्ध और तेल संकट को लेकर उत्पन्न मतभेदों के बाद आया है. चांसलर मर्ज़ ने हाल ही में इस युद्ध और अमेरिका की विदेश नीति पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिकी नेतृत्व इस मामले में असंगत और अप्रभावी रहा है. जर्मनी में वर्तमान में 36,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं, जिनमें से लगभग 5,000 सैनिक यानी 14 प्रतिशत को अगले छह से 12 महीनों के भीतर वापस बुलाया जाएगा. इनमें यूरोपीय और अफ्रीकी कमांड के मुख्यालय, रामस्टीन एयर बेस और लैंडस्टुह्ल मेडिकल सेंटर शामिल




**▸ फैसले की कड़ी आलोचना**

अमेरिकी कांग्रेस में डेमोक्रेटिक नेताओं ने इस फैसले की कड़ी आलोचना की है. वरिष्ठ सीनेट सदस्य जैक रीड ने कहा कि यह कदम अमेरिकी सहयोगियों के प्रति प्रतिबद्धताओं को राष्ट्रपति की व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के अधीन करता है और इससे नाटो गठबंधन कमजोर हो सकता है. उनका मानना है कि यह सीधे तौर पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए लाभकारी होगा और अमेरिकी सुरक्षा हितों के लिए जोखिम पैदा करेगा. ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी जर्मनी से सैनिकों की वापसी की धमकी दी थी, लेकिन तब यह प्रक्रिया धरातल पर नहीं उतर सकी थी.

## 895 .30 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली. 2 मई.** भारतीय रेलवे ने रेलवे पुलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और मेट्रो रेल की विद्युत प्रणालियों को उन्नत बनाने के लिए 895.30 करोड़ रुपए की प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन योजनाओं का उद्देश्य सुरक्षा, क्षमता और संचालन दक्षता को बेहतर बनाना है. कोलकाता मेट्रो के उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर को मजबूत करने के लिए 671.72 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी मिली है. इसके तहत 7 नए ट्रैक्शन सबस्टेशन बनाए जाएंगे और मौजूदा 11 केवी बिजली प्रणाली को 33 केवी में अपग्रेड किया जाएगा।

# दरिंदगी पर फांसी की उठी मांग

**पुणे, 2 मई. पुणे में 4 साल की मासूम बच्ची के साथ हुयी अपराध की घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है.**

**▸ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी : फडणवीस**

स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है.घटना के तुरंत बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने सबूत इकट्ठा करना शुरू कर दिया है और मेडिकल रिपोर्ट्स के आधार पर केस को मजबूत किया जा रहा है. इस बीच, राजनीतिक स्तर पर भी इस मामले ने तूल पकड़ लिया है. राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कहा है कि ऐसे अपराधियों के लिए किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी और उन्हें कानून के तहत सबसे कठोर सजा दिलाई जाएगी. उनके इस बयान के बाद लोगों में यह उम्मीद जगी है कि मामले में तेजी से न्याय मिलेगा.




## आज का इतिहास

1765- फिलाडेल्फिया में पहला अमेरिकी मेडिकल कॉलेज खुला.

1913- भारत की पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र पहली बार मुंबई के कोरोनेशन सिनेमा में प्रदर्शित की गई, जिसने भारतीय सिनेमा की नींव रखी.

1930- राजस्थान की प्रसिद्ध महिला राजनीतिज्ञ सुमित्रा सिंह का जन्म.

1939- नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के भीतर ही ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की.

# संदीप पाठक के घर पहुंची पंजाब पुलिस

## दो एफआईआर दर्ज, राज्य में राजनीतिक तूफान तेज़

**चंडीगढ़, 2 मई.** पंजाब में संदीप पाठक के घर पुलिस की अचानक कार्रवाई ने राज्य भर में सुर्खियाँ बटोरीं. पंजाब पुलिस की टीम संदीप पाठक के घर पहुंची, लेकिन इसी दौरान सांसद को पीछे

**सांसद पीछे के दरवाजे से भागे**

के दरवाजे से भागना पड़ा. पुलिस ने संदीप पाठक के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं, जिनमें विभिन्न आरोप शामिल हैं. यह कार्रवाई पूर्व योजना के तहत की गई थी.

जांच में पाए गए साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई हैं. कार्रवाई के दौरान सांसद का घर से फरार होना राजनीतिक और मीडिया में बड़े सवाल खड़े कर रहा है. कई विपक्षी नेता और राजनीतिक विश्लेषक इसे सरकार और प्रशासन के बीच तनावपूर्ण संबंधों का संकेत मान रहे हैं.



> संदीप पाठक के समर्थकों ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित हो सकती है, जबकि पुलिस का कहना है कि सभी कदम कानूनी प्रक्रियाओं के तहत उठाए गए हैं. राज्य सरकार ने मामले की गहन जांच के निर्देश दिए हैं और किसी भी प्रकार की अफवाह पर नियंत्रण रखने की अपील की है. इस घटना से राज्य में कानून और राजनीति के बीच टकराव और बढ़ सकता है.

## पुणे में चार युवकों की नदी में डूबकर मौत

**पुणे, 02 मई.** महाराष्ट्र में पुणे जिले की मावल तालुका में जाधववाड़ी बांध और पवना नदी में डूबने की अलग-अलग घटनाओं में चार युवकों की जान चली गयी. अधिकारियों के अनुसार नवलख उमरे के पास जाधववाड़ी बांध में पांच पर्यटक पानी में उतरे थे. बताया जाता है कि वे पानी की गहराई का अंदाज़ा नहीं लगा पाए और डूबने लगे. इस घटना में तीन युवकों अजय गरुडे, संतोष एडके और अनिकेत पवार की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य को स्थानीय ग्रामीणों ने बचा लिया. सालुम्ब्रे में हुई एक अन्य घटना में 25 वर्षीय मनोज भरत गौतम पवना नदी में डूब गया.

# बंगाल री-पोलिंग में रिकॉर्ड 86 .90% वोटिंग

**कोलकाता, 2 मई.** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में हुए री-पोलिंग ने एक बार फिर राज्य की चुनावी राजनीति को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। मगराहाट पश्चिम और डायमंड हार्बर

**दक्षिण 24 परगना के 15 बूथों पर बंपर मतदान**

**गड़बड़ी पाए जाने पर 58(2) के तहत दोबारा मतदान**

विधानसभा क्षेत्रों के 15 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान के दौरान रिकॉर्ड 86.90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो इस बात का संकेत है कि मतदाताओं में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर मजबूत भागीदारी बनी हुई है।

इन मतदान केंद्रों में 11 बूथ मगराहाट पश्चिम और 4 बूथ डायमंड हार्बर में शामिल थे। चुनाव आयोग के अनुसार, शाम 5 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक मगराहाट पश्चिम में 86.11 प्रतिशत और डायमंड हार्बर में 87.60 प्रतिशत मतदान हुआ।

14 पोलिंग स्टेशनों के आंकड़े पूरी तरह उपलब्ध हो चुके हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि मतदान प्रक्रिया में लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।यह पुनर्मतदान भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 58(2) के तहत कराया गया, जिसमें ईवीएम में गड़बड़ी, बूथ कैप्चरिंग या किसी भी प्रकार की गंभीर अनियमितता पाए जाने पर मतदान रद्द करने का प्रावधान है। बीजेपी ने इन बूथों पर ईवीएम में छेड़छाड़ और बटन ढकने जैसे आरोप लगाए थे.



# डीसी ऑफिस पर झंडा फहराने की कोशिश नाकाम

**चंडीगढ़, 2 मई.** पंजाब में डीसी कार्यालय पर खालिस्तानी झंडा फहराने की कोशिश नाकाम होने के बाद आरोपी को पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई. पुलिस और खुफिया एजेंसियों की संयुक्त कार्रवाई में यह मामला उजागर हुआ, जिससे पन्नू नामक आतंकी संगठन की साजिश का पर्दाफाश हुआ.

**आरोपी को पांच साल की सजा**

आरोपी ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लोगों को भड़काने और कानून व्यवस्था को चुनौती देने की कोशिश की थी. घटना की जानकारी मिलने के बाद पंजाब पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया.



जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल व्यक्तिगत प्रयास नहीं था, बल्कि एक संगठित साजिश का हिस्सा था. आरोपी के पास से कई ऐसे साक्ष्य मिले, जो पन्नू संगठन की योजना को साबित करते हैं. पांच साल की सजा सुनाने के बाद अदालत ने यह स्पष्ट किया कि देश और राज्य के कानून के खिलाफ किसी भी प्रकार की गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

## निदा खान से होगी पूछताछ

**नासिक, 2 मई.** नासिक में टीसीएस की यूनिट से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न और धार्मिक दबाव के मामले में आरोपी निदा खान को अदालत से बड़ा झटका लगा है.शनिवार को अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया, जिसके बाद उनकी कानूनी मुश्किलें और बढ़ गई हैं।प्रॉसिक्यूशन की ओर से पेश हुए पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अजय मिसर ने अदालत को बताया कि यह मामला बेहद गंभीर प्रकृति का है और इसमें निष्पक्ष जांच के लिए आरोपी की कस्टडी में पूछताछ जरूरी है। उन्होंने कहा कि आरोप केवल व्यक्तिगत नहीं हैं, बल्कि कंपनी के भीतर कामकाज और कर्मचारियों के अधिकारों से भी जुड़े हैं.

# नवीन पटनायक ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र

**भुवनेश्वर/नई दिल्ली, 2 मई.** ओडिशा की पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वित्त मंत्री को एक विस्तृत पत्र लिखकर गंभीर सवाल उठाए. इस पत्र में उन्होंने हाल के प्रशासनिक मामलों में कथित लापरवाही और जवाबदेही की कमी को लेकर चिंता जताई है.

पटनायक ने अपने पत्र में कहा है कि कई स्तरों पर निर्णय लेने में गंभीर चूक हुई है, जिससे न केवल प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हुई है बल्कि जनता का भरोसा भी कमजोर हुआ है. उन्होंने साफ तौर पर मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और जिन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई जाए, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.



> इस पत्र में कुछ विशिष्ट घटनाओं का भी जिक्र किया गया है, जिनमें नीतिगत निर्णयों के क्रियान्वयन में देरी और पारदर्शिता की कमी को प्रमुख मुद्दा बताया गया है. पटनायक ने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जवाबदेही सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता.

**सरकारी खजाने से करोड़ों का खेल**

# साली-सास और महिला मित्रों के खाते में करोड़ों का ट्रांसफर

**पीलीभीत 2 मई.** पीलीभीत डीआईओएस कार्यालय में बड़े पैमाने पर सरकारी खजाने का गबन सामने आया है. इल्हाम शम्सी उर्फ रहमान, जो कार्यालय में चपरासी के पद पर कार्यरत था, ने सरकारी फंड को अपनी व्यक्तिगत और परिवारिक ज़रूरतों के लिए इस्तेमाल किया. जांच के दौरान पता चला कि उसने अपने तीन पत्नियों, साली, सास, सलहज और महिला मित्रों के खातों में करोड़ों रुपये ट्रांसफर किए. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सात महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है. यह महिलाएं सीधे या परोक्ष रूप से इस घोटाले में शामिल पाई गईं.

> इस घटना ने सरकारी वित्तीय नियंत्रण और निगरानी में गंभीर खामियों को उजागर किया है. घोटाले के खुलासे के बाद स्थानीय प्रशासन ने आदेश दिया है कि सभी संबंधित खातों और लेन-देन का पुनः ऑडिट किया जाए. साथ ही, भविष्य में ऐसे मामलों से बचने के लिए डीआईओएस कार्यालय में वित्तीय नियंत्रण कड़े करने की योजना बनाई जा रही है.

# सरकारें बहाने बनाती रहीं

**नई दिल्ली, 2 मई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र और अन्य राज्यों की सरकारों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि दशकों से जनता को**

**पैसे की नहीं, नीयत की कमी थी-केजरीवाल**

**यह बताया जाता रहा कि विकास कार्यों के लिए पैसे नहीं हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि समस्या संसाधनों की नहीं बल्कि नीयत की है.**

केजरीवाल ने अपने 'एक्स' पोस्ट में पंजाब का उदाहरण देते हुए दावा किया कि राज्य में ईमानदार शासन व्यवस्था के चलते राजस्व में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है. उन्होंने कहा कि पहले जो राज्य वित्तीय संकट की बात करते थे, वही अब बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता के कारण अतिरिक्त संसाधन जुटाने में सफल हो रहे हैं. उन्होंने आगे कहा कि इस बढ़े हुए राजस्व का उपयोग अब सीधे जनता की सेवा, बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विकास कार्यों में किया जा रहा है.



## बंगाल में राइफल फोटो विवाद, थाना इंचार्ज सस्पेंड

**कोलकाता, 2 मई.** पश्चिम बंगाल में कोलकाता पुलिस ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कालीघाट पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी गौतम दास को सस्पेंड कर दिया है. यह कार्रवाई उनके एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर उठे विवाद के बाद की गई, जिसमें वे अपनी सर्विस वर्दी में राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे. पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा था कि नए असाइनमेंट के लिए तैयार। इस पोस्ट के सामने आते ही राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया. तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष जॉयप्रकाश मजूमदार ने इस मामले को लेकर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई.

# खुदी हुई सड़कों को तुरंत भरा जाए

## मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के सभी डीएम को दिए सख्त आदेश

**लखनऊ, 2 मई.** उत्तर प्रदेश सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए सख्त रुख अपनाया है.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि मिशन के अंतर्गत होने वाली खुदाई और पाइपलाइन बिछाने के कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्य पूर्ण होते ही सड़कों की मरम्मत तुरंत की जाए. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में सुरक्षा मानकों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए. उन्होंने सभी जिलों के डीएम और वरिष्ठ अधिकारियों को खुद स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं ताकि कार्य की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके. सरकार ने यह भी चेतावनी दी है कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं और ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना और ब्लैकलिस्टिंग शामिल है।



> योगी सरकार का लक्ष्य राज्य के हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है. अब तक उत्तर प्रदेश में लगभग 2 .50 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है. विशेष रूप से विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों में लगभग शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है, जिसे सरकार बड़ी उपलब्धि के रूप में देख रही है।

**राहत ▸ होर्मुज से निकल रहा सुपरटैंकर, 45 हजार टन एलपीजी लेकर**

# देश में गैस की किल्लत में जल्द राहत मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली, 2 मई।** होर्मुज बंद होने और अमेरिका द्वारा लगाए गए नाकेबंदी के चलते भारत में एलपीजी गैस की कमी ने जनता और उद्योगों को परेशान कर दिया है। घरेलू स्तर पर गैस सिलेंडरों की कीमतों में इजाफा पहले ही किया जा चुका है, जिसमें छोटे 5 किलो के सिलेंडर की कीमत में 261 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 1,000 रुपये का उछाल शामिल है।

इसके बीच भारत के लिए राहत की खबर यह है कि एक सुपरटैंकर 'सर्व शक्ति' लगभग 45,000 टन एलपीजी गैस लेकर होर्मुज पार करने को तैयार है।शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार सुपरटैंकर इस समय लारक और केसम आइलैंड के पास है और ओमान की खाड़ी से होते हुए भारत की विभिन्न बंदरगाहों ङ्क महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक और केरल ङ्क तक पहुंच सकता है। अमेरिका की नाकेबंदी और ईरान की चेतावनी के कारण 13 अप्रैल से भारत के कम से कम 14 जहाज फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। दो जहाजों ने होर्मुज पार करने का प्रयास किया, लेकिन ईरानी चेतावनी के बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा।एक वैकल्पिक समुद्री मार्ग भी प्रयोग में लाया जा रहा है। यदि कोई टैंकर ईरान के तटीय क्षेत्र से होकर चाबहार पहुंचता है और फिर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा से होकर भारत की ओर जाता है, तो यह नाकेबंदी को चकमा देने का एक सुरक्षित तरीका हो सकता है। हालांकि पाकिस्तान के समुद्री रास्ते से गुजरना खतरनाक माना जा रहा है।



### अमेरिका का रक्षा सौदा

वाशिंगटन. अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने रणनीतिक सहयोगियों इज़रायल और कतर को बड़े रक्षा पैकेज की संभावित बिक्री को मंजूरी देकर क्षेत्रीय सुरक्षा समीकरणों में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत दिया है. अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इज़रायल को लगभग 99.24 करोड़ डॉलर मूल्य के 10,000 एडवांस्ड प्रिसिजन किल वेपन सिस्टम्स और कतर को 4.01 अरब डॉलर के पैट्रियट एयर एंड मिसाइल डिफेंस पैकेज की अनुमति दी गई है.

# व्हाट्सएप पर बॉस बनकर 5 .30 करोड़ की ठगी

**जयपुर, 2 मई. राजस्थान पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े और संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

यह गिरोह व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर बड़ी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की फर्जी प्रोफाइल बनाता था और कर्मचारियों को ठगी का शिकार बनाता था।इस मामले की शुरुआत 24 अप्रैल 2026 को हुई जब जयपुर स्थित गेलेक्सी माइनिंग प्रा. लि. के अकाउंटेंट दीपेन्द्र सिंह ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उन्हें कंपनी के चेयरमैन के नाम से एक व्हाट्सएप संदेश मिला, जिसमें दो अलग-अलग बैंक खातों में कुल 5.30 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने के निर्देश दिए

**17 आरोपी गिरफ्तार**

गए थे. संदेश को वास्तविक समझकर उन्होंने राशि ट्रांसफर कर दी, लेकिन बाद में पता चला कि यह एक सुनियोजित साइबर फ्रॉड था।पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में गठित विशेष टीमों ने बैंक खातों की जांच शुरू की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

# चार बच्चों की ईंट से कुचल कर हत्या

**नई दिल्ली 2 मई.** अंबेडकरनगर में ट्रिपल मर्डर की घटना से इलाके में ह?कंप मच गया। चार मंजिला घर के अंदर से तीन बच्चों के खून से लथपथ शव मिले हैं. घटना की सूचना पर भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची।यूपी के अंबेडकरनगर में चार बच्चों की हत्या की खबर मिलते ही हड़कंप मच गया।

चार मंजिला घर के अंदर से चार बच्चों के खून से लथपथ शव मिले हैं। घटना की सूचना पर भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची. पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। चारों बच्चों की हत्या किसने की ? पुलिस इस मामले की तफ्तीश कर रही है। फिलहाल मां पर बच्चों की हत्या का शव गहरा रहा है। मां घर से फरार है। पुलिस तलाश में जुटी है।घटना अपराह्न करीब तीन बजे के बाद अकबरपुर के मीरानपुर मोहल्ले में हुई। मृतकों की पहचान सफीक (14 वर्ष), सऊद (10 वर्ष), उमर (8) और बयान बानो (6 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मकान मालिक मोहम्मद नियाज पिछले

**घर में खून से लथपथ मिले शव, मां फरार**

एक वर्ष से रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब में रह रहा है. घटना के समय बच्चों की मां गाजिया खातून घर पर मौजूद थी, जो घटना के बाद से फरार बताई जा रही है। प्रथम दृष्टया पुलिस को हत्या में मां की संलिप्तता का शक है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह समेत अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया.